हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार 9 अक्टूबर 2024
भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गुकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

11 मुक बधिर बालिका के साथ अनाचार की घटना...

11 बथुकम्मा स्थलों में पहुंचकर विधायक ने...


## विवाद : सरपंच ने कहा कि हुक्का पानी बंद नहीं किया गया, ग्रामीणों ने स्वमेव आना जाना बंद किया

# जेपरा के 12 सदस्यीय परिवार का हुक्का पानी बंद गाँव का बिगड़ सकता है माहौल, लगाई गई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- चारामा एसडीएम ने साधा मौन, काल को नहीं कर रहे रिसीव

चारामा विकासखंड के ग्राम जेपरा में 12 सदस्यीय परिवार का हुक्का पानी बंद कर दिए जाने के चलते गांव का माहौल गरमाया हुआ है। यह परिवार एक सप्ताह पहले एसडीएम के पास गुहार लगाया और अब 8 अक्टूबर को कलेक्टर के पास गुहार लगाया। गुहार लगाने वाले कुछ ज्यादा ही पीड़ित नजर आएं, उनकी पीड़ा में वेदना देखने को मिली। प्रशासन ने गाँव के बिगड़े माहौल को सुधारने का प्रयास किया जाना चाहिए, नहीं तो कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है।

कलेक्टोरेट में गुहार लगाने पहुँचे पीड़ितो ने बताया कि 27 सितंबर शुक्रवार को दोपहर डेढ़ बजे ग्राम पंचायत जेपरा के सरपंच और ग्राम प्रमुखों द्वारा हमारे 12 सदस्यीय परिवार के हुक्का पानी बंद का निर्णय लिया है और इस निर्णय का आधार ग्राम के रीति रिवाज परम्परा व्यवस्था को न मानना और मड़ई स्थल पर गृह निर्माण बताया गया है, जो सर्वथा गलत है। पीड़ित परिवार का कहना है कि जिस स्थान पर वर्तमान में मंडई लगता है, उससे लगा हुआ हमारा जमीन है, जिसका रकबा 0.12 हेक्टेयर खसरा नं. 565/1 है जो सन् 1986 में रजिस्ट्री किया हुआ जमीन है, जिसमें तत्कालीन ग्राम के प्रमुख वरिष्ठ व्यक्तियों के हस्ताक्षर है। हमने अपने अधिकार क्षेत्र के जमीन पर ही गृह निर्माण किया है और हमारे द्वारा किसी भी नियम का उलंघ्घन नहीं किया गया है और मंडई लगाने के लिए अभी भी पर्याप्त जगह उपलब्ध है। मंडई स्थल के हित को ध्यान में रखते हुए कई बार प्रस्ताव रखा कि हम अपने जमीन का कुछ हिस्सा मड़ई में देव रेंगान के लिए देने तैयार है, इन सब पर विचार किए बगैर ग्राम सरपंच व प्रमुखों द्वारा निर्मित मकान को तोड़वा देने की खुले आम धमकी दी गई तथा दबाव बनाया गया कि हमारे प्रस्ताव पर विचार करने न समिति बनी और न ध्यान दिया गया बल्कि एक तरफा कार्यवाही करते हुए हमारे परिवार का हुक्का पानी बंद कर दिया गया है। गांव में किराना, कृषि केन्द्र ऑटो सेन्टर की दुकान व ट्रेक्टर व हारवेस्टर व्यपारिक प्रतिष्ठान है, जो हमारे जीविकोपार्जन का साधन है। इस निर्णय से हमारे आजीविका पर संकट भी आन पड़ा है। इस निर्णय के बाद हमारे घर के किसी भी सदस्य के साथ कोई होनी अनहोनी घटना होती है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी ग्राम के सरपंच व ग्राम प्रमुखों की होगी। यह निर्णय हमारे मौलिक आधिकार का हनन करता हुआ निर्णय है, जो सर्वथा असंवैधानिक है। इस निर्णय से हमारी सामाजिक आर्थिक एवं मानसिक क्षति हुई है। हम सामजिक रूप से बहुत ज्यादा प्रताड़ित महसूस कर रहे है।



### हुक्का पानी बंद नहीं किया गया
जेपरा ग्राम पंचायत के सरपंच भागवत नेताम का कहना है कि हुक्का पानी बंद नहीं किया गया है। गाँव में बैठक करके जमीन छोड़ने के लिए कहा गया, परंतु उनके द्वारा दादागिरी किया गया और रजिस्ट्री गलत हुई है। अंत में गाँव में बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि जमीन छोड़ने के लिए बात कहा गया, परंतु नहीं माने। गाँव वालों ने निर्णय लिया कि अब से उनके पास अब कोई भी व्यक्ति आना जाना नहीं करेगा। उनका कोई हुक्का पानी बंद नहीं किया गया है।

### एसडीएम के पास लगा चुके है गुहार
पीड़ितो ने बताया कि एक सप्ताह पहले एसडीएम चारामा के पास गुहार लगा चुके है, परंतु एसडीएम के द्वारा कोई सुनवाई नहीं किया गया है। हमारी माँग है कि हमारी जमीन की जाँच कर दिया जाएं और सीमांकन कर दिया जाएं। हुक्का पानी बंद करने के निर्णय को खत्म करवाया जाएं, परंतु एसडीएम ने अभी तक कोई पहल नहीं किया है, इसीलिए हम लोगों को कलेक्टर के पास गुहार लगाने के लिए आना पड़ा। इस मामले में एसडीएम से हरिभूमि ने संपर्क करने का प्रयास किया, परंतु काँल रिसीव नहीं किया, जिससे उनकी कार्यवाही की जानकारी का पता नहीं चल सका।

### 15 हजार का जुर्माना व 5 हजार का ईनाम
पीड़ितो ने यह भी बताया कि यह भी निर्णय लिया है कि गांव का कोई भी व्यक्ति हम लोगों से बात करेगा तो 15 हजार का जुर्माना वसूला जाएगा। बात करने की जानकारी गाँव के द्वारा दिए जाने पर जानकारी देने वाले को 5 हजार का ईनाम भी दिया जाएगा। जुर्माना की बात आ जाने के कारण गाँव के लोगों ने पूरी तहर से बातचीत बंद कर दिया और कोई भी संपर्क नहीं कर रहा है।

## नवरात्रि विशेष



### षष्ठमः कात्यायनी
मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में मर्हिष कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुदर्शी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।

## चक्कर खाकर बाइक से गिरी महिला की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- चालक के खिलाफ मामला दर्ज

चक्कर खाकर सड़क किनारे से बेहोश हुई महिला का ईलाज के दौरान रायपुर के अस्पताल में मौत हो गया। मौत के बाद रायपुर के थाना में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी कांकेर थाना में पेश किया। कांकेर पुलिस असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।

विवेचना में पाया गया कि 20 सितंबर को दोपहर 2 बजे राम कुमार कुंजाम अपनी दादी सियाबती पोया को मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बी 8519 में बैठाकर नरहरपुर से वापस अपने गांव बागोड़ आ रहा था। चनार मोड़ के पास उसकी दादी ने चक्कर आने की बात वाहन चालक को बताया। दादी बोली कि चक्कर आ रहा है गाड़ी रोको। वाहन चालक राम कुमार कुंजाम मोटर सायकल को रोक रहा था तभी ▶▶|शेष पेज 10 पर




## खड़े ट्रक से स्कूटी टकराई, छात्रा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में हादसा
- शिकायत पर ट्रक चालक पर मामला दर्ज

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में ट्रक चालक ने लापरवाहीपूर्वक ट्रक को बीच सड़क में खड़ा करके गायब हो गया। खड़े ट्रक से स्कूटी टकराने से छात्रा घायल हो गई। छात्रा को गंभीर चोट आने से हायर सेंटर रिफर किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया।

थाना में शिकायत करने पहुंची वार्ड 7 बाजारपारा चारामा निवासी 19 वर्षीय ऋषिता देवांगन पिता रोशन देवांगन ने पुलिस को बताया कि जैसाकर्रा कॉलेज में पढ़ाई करती हूं। कॉलेज से छुट्टी होने के बाद स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 5064 से वापस अपने घर जा रही थी। राष्ट्रीय राजमार्ग जैसाकर्रा शेखर ट्रेडर्स के पास लगभग दोपहर ढाई बजे पहुंची थी, तो देखा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के आधी सड़क तक ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीएम 1497 के चालक द्वारा बिना किसी संकेत के विपरीत दिशा में लापरवाही पूर्वक खड़ा किया था। अपनी स्कूटी को ट्रक से आगे लेकर जा रही थी, उसी समय पीछे से अन्य भारी वाहन के आने से उसे साइड देते समय ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीएम 1497 से जाकर टकरा गई। सड़क पर गलत ढंग से खड़े किए गए ट्रक से टक्कर होने से घायल होकर ▶▶|शेष पेज 10 पर




## मोटर सायकल ने सायकल सवार किसान को मारी टक्कर, घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड चारामा के ग्राम तारसगांव में खेत जा रहे सायकल सवार किसान को मोटर सायकल चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे किसान को गंभीर चोट आया। घायल किसान को इलाज के लिए भर्ती कराया गया वहीं शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे तारसगांव निवासी 49 वर्षीय गिरवर सिंह शोरी पिता गन्नु राम शोरी ने पुलिस को बताया कि तारसगांव ग्राम का सरपंच हूँ। मेरे चाचा तारसगांव निवासी इंदलराम शोरी खेत के लिए 6 अक्टूबर को सायकल से निकले थे। 6 अक्टूबर को दोपहर लगभग डेढ़ बजे फोन से जानकारी मिली कि तुम्हारे चाचा का पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी के फार्म हाउस के पास आरोपी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 11 बीएफ 0754 ▶▶|शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर की तैयारियां शुरू



**चारामा।** शीतकालीन अवकाश में कोया पुनेम और संवैधानिक अधिकारों जैसे पेसा कानून पर आधारित केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें गोंडवाना समाज के रीति-रिवाजों और आदिवासी अधिकारों पर गहन चर्चा होगी। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण के लिए कोया भुमकाल क्रांति सेना के युवा प्रभाग सर्कल पुरी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। युवा प्रभाग के अध्यक्ष भूपेंद्र गोटा, उपाध्यक्ष देवेंद्र मंडावी, सचिव हिरामन उयके और मीडिया प्रभारी नागेश कुमेटी गांव-गांव पहुँचकर शामिल होने आव्हान कर रहे है।

## छात्रों में प्रतिभा एवं क्षमता के अनुरूप हो सर्वांगीण विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- कलेक्टर ने प्राचार्यों एवं प्रधान अध्यापकों की बैठक में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जिले में संचालित 15 पीएमश्री स्कूलों को श्रेष्ठ बनाने, शासन की मंशानुरूप संरचना विकसित करने तथा विद्यार्थियों की प्रतिभाओं का उन्नयन करने के उद्देश्य से कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने प्राचार्यों एवं प्रधान अध्यापकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी पीएमश्री स्कूल सिर्फ आधारभूत संरचनाओं में ही नहीं, अपितु विद्यार्थियों में वास्तविक प्रतिभाओं एवं क्षमताओं के अनुरूप सर्वांगीण विकास भी हो। कलेक्टर ने कहा कि इसके लिए इन स्कूलों में सतत शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित करें। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि केन्द्र शासन की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं में पीएमश्री स्कूल भी शामिल हैं तथा विद्यार्थियों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुरूप दिशा देना ज्यादा जरूरी है। इसके लिए उन्हें एक्सपोजर विजिट कराने, कैरियर गाइडेंस देने, प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुकूल बनाने के अलावा विभिन्न प्रकार के खेल एवं अन्य शारीरिक एवं मानसिक स्तर को विकसित करने वाली गतिविधियां का आयोजन किया जाना चाहिए। साथ ही शिक्षा गुणवत्ता में भी विशेष तौर पर फोकस हो। उन्होंने कहा कि इसके ▶▶|शेष पेज 10 पर



### जिले में 15 पीएम श्री स्कूल
समग्र शिक्षा के जिला समन्वयक ने बताया कि जिले में कुल 15 पीएम श्री स्कूल हैं। जिनमें 9 शासकीय प्राथमिक शाला और 6 नर्सरी से कक्षा 12वीं तक पूर्व में सेजेस स्कूल शामिल हैं। उन्होंने इन विद्यालयों में राज्य से स्वीकृत कार्यों तथा जिले से डीएमएफ के तहत स्वीकृत निर्माण व मरम्मत कार्यों की जानकारी बैठक में दी। इस अवसर पर सभी पीएमश्री स्कूल के संस्था प्रमुख उपस्थित थे।

## नवरात्रि की पंचमी में गरबा की रही धूम



**दुर्गुकोंदल।** हाटकोंदल में नवरात्र की पंचमी के अवसर पर गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला, युवती और छोटे बच्चो ने हिस्सा लिया। गांधी चौक में पारिवारिक माहौल के बीच पारंपरिक गरबा की धूम मची हुई है। नवरात्रि की पंचमी पर एक अलग ही नजारा देखने को मिला। महिलाओं, युवतियों और बच्चियों ने एक साथ गरबा नृत्य किया। झिलमिल रोशनी व डीजे साउंड के साथ बज रहे गरबा गीतों पर सभी ने एक अलग रंग जमा दिया। कई गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी गई।

## पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## निबंध प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

# वन्य प्राणी प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों को जागरूक करने किया जा रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल/पखांजुर

- वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत जिलेभर में हो रहे विविध कार्यक्रम

विकासखंड के वन्य प्राणी प्रभावित गांव खूटगाँव, कर्रामाड़ और पलाचुर तक वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत जन जागरुकता रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। उनको वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह मनाए जाने के उद्देश्य से अवगत कराया गया।

परिक्षेत्र दुर्गुकोंदल के वनकर्मियों के द्वारा वन मण्डलाधिकारी डीपी साहू के निर्देशानुसार, उपवन मण्डल अधिकारी आईपी गेंदले और वन परिक्षेत्र अधिकारी मुकेश नेताम के मार्गदर्शन में वन्य प्राणीयों के संरक्षण के संबंध में जन जागरुकता बाइक रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इसके उपरांत आदर्श एकलव्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूली छात्र-छात्रों को वन्य प्राणियों के संरक्षण के संबंध में जागरुकता के तहत विभिन्न विविध ▶▶|शेष पेज 10 पर





### जागरुकता रैली निकाली
वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के अवसर पर बांदे परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा लोगों को वन्य प्राणी के प्रति सुरक्षा व संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। बांदे से इरपानार, पानावर से रेंगवाही होते हुए छोटेबेटिया, बेलगाल तक रैली निकली गई। अधिकारियों ने संदेश में कहा कि अवैध शिकार कानूनी अपराध है। इस अवसर पर वन विभाग के समस्त कर्मचारी स्टाफ उपस्थित रहे।

## श्रद्धांजलि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥

जन्म 17.12.1942



निर्वाण 30.09.2024

**स्व. श्री अजय सिंह परिहार**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी

**स्व. श्री अजय सिंह परिहार**

अपनी सुदीर्घ जीवन यात्रा (82 वर्ष) पूर्ण कर दिनांक 30 सितम्बर 2024 को पंचतत्व में विलीन हो गये हैं।

**कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| दशगात्र | : 09 अक्टूबर 2024, बुधवार (प्रयागराज में) |
| तेरहवीं, श्रद्धांजलि व शांति भोज | : **13 अक्टूबर 2024, रविवार** |
| स्थान | : रायल पार्क, अल्का एवेन्यू, उस्लापुर, बिलासपुर |
| समय | : दोपहर 1 से 5 बजे तक |

**शोकाकुल**

श्रीमती किरण सिंह परिहार (धर्मपत्नी)
प्रियंक सिंह परिहार, श्रीयंक सिंह परिहार, मयंक सिंह परिहार (पुत्र)
ऋषभ सिंह परिहार, कृष्णा सिंह परिहार (पौत्र)
प्रताप भान सिंह परिहार(भाई), प्रवीण सिंह परिहार(भाई), नवीन सिंह परिहार(भाई), सुधीर सिंह परिहार (भाई), मनमोहन सिंह परिहार (भतीजा) एवं समस्त परिवार

नोट: जिन स्नेहीजन को किसी कारणवश सूचना नही मिली है इसे ही सूचना मानें।

## खबर संक्षेप



### 25.40 टन अवैध लोहा कबाड़ जब्त

**कोण्डागांव।** जिला पुलिस और सायबर टीम ने 25.40 टन अवैध लोहा कबाड़ जब्त किया है। कार्रवाई में दो आयसर ट्रक, जो जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रहे थे को मर्दापाल चौक के पास नाकाबंदी के दौरान रोका गया और जांच की गई। पुलिस के अनुसार मुखबिर से जानकारी मिली कि जगदलपुर से रायपुर की ओर 2 आयसर ट्रकों में अवैध रूप से लोहा कबाड़ ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही कोण्डागांव थाना और सायबर टीम ने सक्रिय होकर मर्दापाल चौक पर नाकाबंदी की योजना बनाई। नाकाबंदी के दौरान सीजी 17 केएक्स 2750 और सीजी 27 केएक्स 2749 नंबर के आयसर ट्रक को पुलिस नेरोककर उनके चालकों से पूछताछ की। वाहन चालक जमील अहमद और लवकेश कुमार से लोहा कबाड़ ले जाने के संबंध में दस्तावेज दिखाने को कहा गया, लेकिन वे कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद दोनों चालकों के खिलाफ बी.एन.एस.एस. की धारा 35(16) और बी.एन.एस. की धारा 303(2) के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने दोनों ट्रकों और उनमें लदे कुल 25.40 टन लोहा कबाड़ को जब्त कर लिया। कार्रवाई में अति. पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल रा.पु.से., पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार रा.पु.से., और सायबर प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव रा.पु.से. के निर्देशन में पुलिस टीम ने प्रभावी भूमिका निभाई। जांच की सम्पूर्ण प्रक्रिया में निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सहायक उपनिरीक्षक रामकृष्ण जैन, प्रधान आरक्षक अशोक मरकाम और सायबर टीम का विशेष योगदान रहा।

### मसोरा में जिला स्तरीय एक दिवसीय मातृशक्ति कार्यशाला सह गोष्ठी

**कोण्डागांव।** जिले के ग्राम मसोरा के सामाजिक भवन बुडरापारा में सोमवार को जिला स्तरीय एक दिवसीय मातृ–शक्ति कार्यशाला सह आवश्यक गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज की महिलाओं द्वारा स्वागत कर अपने ईष्ट देव बुढ़ा देव, सरस्वती मां एवं डां भीमराव अम्बेडकर का पूजा अर्चना की। जिले से आईं महिलाओं का परिचय बारी–बारी से कराया गया। विभिन्न मंडलों की महिलाओं ने उद्बोधन भी दिया। जिले के 59 मण्डलों में महिला अध्यक्षों को मण्डल सेवा सम्मान एवं 7 महिला ब्लॉक अध्यक्षों सहित 30 महिलाओं को उत्कृष्ठ समाज सेवा सम्मान मोमेंटो दिया गया। तत्पश्चात महिला जिला अध्यक्ष के द्वारा उद्बोधन में कहा कि नारी परिवार और समाज की एक महत्वपूर्ण इकाई है। माता संतान की प्रथम गुरु है। यदि वह स्वयं शिक्षित है, गुणवान है, समर्थ है, सशक्त है, आत्मबल आत्मसम्मान महसूस करती है हमें अपने संस्कारों की विरासत की रक्षा करे इसके लिए नारी को स्वयं को सशक्त बनाना होगा। नारी को आर्थिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक रूप में स्वयं को

# भाजपा की जीत पर हरियाणवी जलेबी खिलाकर मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत व हैट्रिक बनाने की भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जमकर खुशियां मनायी और आतिशबाजी की। भाजपा जिला कार्यालय में भारी संख्या में एकत्रित कार्यकर्ताओं ने हरियाणा की जीत पर बकायदा हरियाणवी जलेबी खिला कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया और लोगों को भी जलेबियां खिलायी। हरियाणा में भाजपा की जबरदस्त जीत के जश्न में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव भी शामिल हुये। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा की जीत पर बधाई देते हुये जलेबियां खिलाई। इस मौके पर उन्होंने हरियाणा के चुनाव नतीजों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि यह भाजपा की डबल इंजन की सरकार की हरियाणा में 10 वर्षोर् के किये गये कार्यों की जीत है। हरियाणा की जनता ने भाजपा सरकार की योजनाओं, जनहित के कार्यों व सफलतम सरकार के कामकाज पर विजय की मुहर लगायी है। भाजपा को हरियाणा में निरंतर तीन बार विजयी होने की हैट्रिक दिलायी है। लगातार तीसरी बार हरियाणा की जनता-जनार्दन ने भाजपा के प्रति अपना अगाध विश्वास व्यक्त किया है। एक्जिट पोल को लेकर अति उत्साही कांग्रेसियों को हरियाणा के एक्जेक्ट पोल ने आईना दिखा दिया है। इन नतीजों के जरिए हरियाणा ने कांग्रेस के संविधान और आरक्षण को लेकर दोहरे राजनीतिक चरित्र पर सीधी चोट की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास के नित-नए आयाम गढ़ रहा है, विश्व-पटल पर अपनी प्रखर भूमिका का निर्वहन करते हुए 2047 तक विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति की दिशा में आगे बढ़ रहा है, हरियाणा के ये चुनाव नतीजे प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर जनता-जनार्दन के अटूट विश्वास की मुहर है। कांग्रेस जाति और धर्म के आधार पर जिस विभाजनकारी टूलकिटिया एजेंडे पर काम कर रही है, हरियाणा ने भी उसे पूरी तरह खारिज कर दिया है। भाजपा की ऐतिहासिक जीत को गांव-गरीब-किसान-मजदूर और युवाओं की जीत निरूपित करते हुए विधायक ने कहा कि देश के अन्य राज्यों की तरह ही हरियाणा की जनता ने भी आज कांग्रेस रूपी अभिशाप से मुक्त रखकर विकास का मार्ग चुन लिया है।

## जमकर की गई आतिशबाजी और एक दूसरे का मुंह मीठा कराया





### ये रहे उपस्थित

इस दौरान जिला अध्यक्ष रुपसिंह मण्डावी, इंदर चोपड़ा,विद्याशरण तिवारी, मनीराम कश्यप, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, वेदप्रकाश पाण्डेय, महापौर सफीरा साहू, रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव, आलोक अवस्थी,नगर मण्डल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, सतीश सेठिया, राजेन्द्र बाजपेयी,आर्येन्द्र आर्य, संग्राम सिंह राणा, अविनाश श्रीवास्तव, राजपाल कसेर, मोतीराम बघेल, यशवर्धन राव,प्रकाश झा, शशिभूषण रथ, मनीष पारेख, दंतेश्वर राव, राधेश्याम पन्द्रे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

सड़क दुर्घटना : नेशनल हाईवे-30 भैरव मंदिर के पास की घटना

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मारकर तीन राजमिस्त्रियों को कुचला, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- ट्रक चालक ने किया समर्पण, पुलिस ने शुरू की विवेचना

थानातंर्गत नेशनल हाइवे 30 भैरव मंदिर के पास सोमवार की रात करीब 8.15 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया । आयरन गिट्टी से भरे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मारकर उसमें सवार तीन राजमिस्त्रियों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी अनुसार बोरगाँव निवासी फुलसिंग बघेल पिता रूपसिंग बघेल उम्र 45 वर्ष और ओड़सिा के ग्राम हल्दी निवासी कुंवर सिंग गोंड पिता जोहन गोंड उम्र 40 वर्ष और छबिलाल गोंड पिता भगमत गोंड उम्र 38 वर्ष यह तीनों राजमिस्त्री का काम करते हैं। सोमवार को बोरगाँव में दिनभर काम करने के बाद शाम को बाइक में सवार होकर फरसगाँव आए हुए थे। अपना काम निपटाने के बाद तीनों बाइक में सवार होकर वापस बोरगाँव को ओर जा रहे थे। इसी दौरान रात करीब 8. 15 बजे भैरव मंदिर के पास जगदलपुर की ओर से आयरन गिट्टी से भरे तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमएम 2210 ने बाइक को चपेट में ले लिया। तेज रफ्तार ट्रक ने तीनों की बुरी तरह कुचलते हुए घसीटकर रोड किनारे ले गया। तीनों राजमिस्त्री ट्रक के आगे और पीछे चक्के में बुरी तरह फंस हुए थे। ट्रक के सामने चक्के में कुंवर सिंग गोंड और छबिलाल गोंड फंसे हुए थे। दोनो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। वही पीछे चक्के में फुलसिंग बघेल गम्भीर रूप से घायल अवस्था मे फंसा हुआ था।



### ट्रक चालक के खिलाफ हुआ अपराध दर्ज

घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था। कुछ देर बाद वह खुद थाने पहुंचकर अपने आप को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मंगलवार को परिजनों की रिपोर्ट पर फरसगांव थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर तीनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध क्रमांक 119/24 बीएनएस की धारा 281, 106 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### क्रेन की सहायता से ट्रक के नीचे फंसे तीनों को निकाला गया बाहर

सूचना पर फरसगाँव पुलिस एसडीओपी अनिलकुमार विश्वकर्मा और थाना प्रभारी संजय सिंदे पुलिस टीम के साथ तत्काल घटना स्थल पर पहुचे । पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल अवस्था मे ट्रक के पिछले चक्के में फंसे फुलसिंग बघेल की किसी तरह बाहर निकालकर उपचार हेतु तत्काल फरसगाँव अस्पताल भिजवाया गया लेकिन अस्पताल पहुँचते ही उसकी भी मौत हो गई। जिसके शव को चीरघर भिजवाया गया। वही पुलिस ने दो घण्टे की बड़ी मशकत के बाद क्रेन की सहायता से ट्रक के सामने चक्के में फंसे दोनो मृतक के शव को बाहर निकलकर दोनो के शवों को पोस्टमार्टम हेतु चीरघर में रखवाया गया।



### अनियंत्रित ट्रक ने दुकान और डिवाइडर को तोड़ा

*नेशनल हाइवे 30 फरसगांव नगर के बस स्टैंड के पास सोमवार की रात करीब 12.30 बजे जगदलपुर को ओर से आ रही आयरन गिट्टी से भरी ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीडी 1924 अनियंत्रित होकर रोड किनारे दुकान को तोड़ने के बाद रोड के बीच में बने डिवाइडर को तोड़ते हुए उस पार चली गई। हालांकि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई । क्योंकि रात के समय दुकान और रोड के पास कोई गाड़ी और व्यक्ति नहीं होने से एक बड़ी दुर्घटना टल गई। वरना बड़ी घटना घट सकती थी। चालक परिचालक सुरक्षित है। हादसे में डिवाइडर बुरी तरह टूट गया। ट्रक के सामने का हिस्सा और एक चक्का क्षतिग्रस्त हुआ है ।*

# कुरलठेमली आमापारा में डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता



- पुरुषों में गट्टासिल्ली व महिला वर्ग में चवाड ने प्रथम स्थान हासिल किया

**सरोना।** विकासखंड नरहरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरलठेमली आमापारा में एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में गट्टासिल्ली ने प्रथम स्थान हासिल किया एवं पलारीखार द्वितीय, टिकरापारा पालघर तृतीय और भाटापारा चतुर्थ स्थान पर रहा। महिला वर्ग में चवाड ने पहले स्थान पर कब्जा जमाया, रायपुर दूसरे, दुधावा तीसरे और पथर्रीनारा चौथे स्थान पर रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा विधायक आशाराम नेताम, अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच संदीप मरकाम, विशिष्टअतिथि जिला पंचायत सदस्य हेमलाल मरकाम, भाजपा मंडल महामंत्री संतोष भास्कर, महेश नेताम, शिशुपाल ठाकुर एवं अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। आसपास के कई गांवों के ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। विधायक आशाराम नेताम ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए खेल भावना को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने श्रीमद् भागवत गीता का उदाहरण देते हुए कहा कि खिलाड़ियों को बिना किसी चिंता के अपने पूरे मन से खेल में उतरना चाहिए। उनका मानना है कि खेल जीतने या हारने से ज्यादा महत्वपूर्ण सीखना है, जो खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। यह आयोजन न केवल खेल की भावना को प्रोत्साहित करता है, बल्कि युवाओं में स्वास्थ्य और सामुदायिक समरसता का संदेश भी फैलाता है।

समीक्षा बैठक में वरिष्ठों ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

# भाजपा का सदस्यता अभियान दिए गए लक्ष्य से आगे बढ़ी पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



भारतीय जनता पार्टी भाजपा के जिला कार्यालय में आज एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान की प्रगति का विश्लेषण किया गया। बैठक में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक ठाकुर, जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा, उपाध्यक्ष बालकुंवर प्रधान सहित कई प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य भाजपा के सदस्यता अभियान को और प्रभावी बनाना तथा संगठन की मजबूती को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश देना था।

बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। और यह बताया गया कि पार्टी अब तक अपने निर्धारित लक्ष्य से कहीं आगे बढ़ चुकी है। इस वर्ष भाजपा ने पिछले सभी सदस्यता अभियानों की तुलना में अधिक नए सदस्य बनाए हैं। वक्ताओं ने बताया कि भाजपा का सदस्यता अभियान 15 अक्टूबर 2024 तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जारी रहेगा। इसके पश्चात पार्टी के सभी प्रभारी और पदाधिकारी ऑफलाइन माध्यम से मैन्युअल रूप से सदस्य बनाने की प्रक्रिया को जारी रखेंगे, जिससे अभियान को और गति दी जा सके। सभी कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान को और सशक्त बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। अंत में यह निर्णय लिया गया कि सदस्यता अभियान के सफल समापन के बाद पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान भी तेज करेंगे, ताकि पार्टी की पहुंच और प्रभाव व्यापक रूप से बढ़ सके। बैठक में शहर मंडल, उत्तर व दक्षिण मंडल के अध्यक्ष, प्रभारी, प्रमुख पदाधिकारीगण एवं अन्य सहयोगियों की उपस्थिति रही। इस दौरान पार्टी के प्रमुख नेता जैसे जसकेतु उसेंडी, जैनेन्द्र ठाकुर, मंगतू नेताम, जितेन्द्र सुराना, मीनू कोर्राम, कुलवंत चहल, संतोष पात्रे, सोनामणि पोयाम, प्रदीप नाग, विक्की रवानी, सुभम संचेती, और प्रिंस ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# धनोरा में चिकित्सा शिविर का शुभारंभ



**धनोरा।** राजस्थान से आए अनुभवी डॉक्टरों द्वारा सफ़लतापूर्वक चिकित्सा शिविर के बाद केशकाल ब्लॉक व तहसील व थाना धनोरा में 8 अक्टूबर से शिविर का उद्घाटन समाजसेवी वा पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामलाल सलाम, हरिभूमि धनोरा संवादाता संतोष बरनवाल, आदिवासी समाज प्रमुख भागू रामजी का उपस्थिति में शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर चालू होते ही मरीजों द्वारा अपनी स्वास्थ्य जांच कराने अनुभवी डॉक्टरों के पास पहुंचे। नाम पंजीयन कराने लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी।

# कालेज में हुआ साइबर जागरुकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर कॉलेज कोंडागांव में आज कोंडागांव पुलिस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में सायबर जन जागरुकता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साइबर सेल नोडल डीएसपी भार्गव ने बताया की कैसे आजकल व्हाट्सएप फेसबुक जैसे सोशल मीडिया का उपयोग करके ऑनलाइन ठगी हो रहा है। इसका कारण सिर्फ अपनी वक्तिगत जानकारी बिना जांच के किसी अन्य व्यक्ति को साझा करना है। उन्होंने बताया की अपना व्यक्तिगत जानकारी जैसे आधार कार्ड, एटीएम नंबर, पैन कार्ड, ओटीपी इत्यादि जैसे जानकारी किसी भी व्यक्ति को बिना जानकारी के नहीं भेजना है। इससे ऑनलाइन ठगी का संभावना अत्यधिक हो जाता है। इस प्रकार से एसडीओपी रूपेश कुमार ने भी साइबर से संबंधित विभिन्न सारी जानकारियां दिया। शशिभूषण कन्नौजे में बताया कि किसी भी प्रकार के फ्राड का शिकार होने पर तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 1930 पर फोन कर रिपोर्ट दर्ज कराए एवम सदैव जागरूक रहे तथा लोगो को जागरूक करें। इस अवसर पर कोंडागांव पुलिस के द्वारा साइबर क्राइम से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सभी को प्रेरित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के अंत में डीएसपी भार्गव के द्वारा सभी छात्र छात्राओं को साइबर जागरूकता शपथ ग्रहण कराया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस विभाग से साइबर सेल नोडल सतीश कुमार भार्गव, एसडीओपी रूपेश कुमार, सब इंस्पेक्टर अभिताभ खंडेकर, सहायक उप निरीक्षक सगरबती सोरी, आरक्षक मनोज पोयाम, बीजू यादव, महाविद्यालय के प्राध्यापक शोभाराम यादव, अलका शुक्ला, पुरोहित शोरी, नेहा बंजारे, देवाशीष हालधार, हनी चोपडा, अंबर बैरागी, हितेंद्र वर्मा, पुष्पा जायसवाल ,शोभना, पूर्णिमा, वेंकेटेश्वरी, छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### चक्कर खाकर...

उसकी दादी सियाबती पोया चक्कर खाकर मोटर सायकल से नीचे रोड में गिर गई, जिससे बेहोश हो गई। उसके सिर में चोट आई है, जिसे उठाकर पानी पिलाने से होश आ गई थी। मोटर सायकल में अपने भाई लखन एवं मौसी जानकी कोर्राम के मदद से बैठाकर घर लाया। घर से संजीवनी 108 बुलाकर शासकीय कोमलदेव अस्पताल कांकेर ले जाकर इलाज कराया गया। एक घंटा ईलाज करने के बाद वहां से रिफर करने पर डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रायपुर ले गये जहां 21 सितंबर को सियाबती पोया की मौत हो गई। पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### खड़े ट्रक से...

बेहोश हो गई थी। जब मुझे होश आया तब सरकारी अस्पताल चारामा गई। एक्सीडेंट से मेरे चेहरे व हाथ-पैर में गंभीर चोट आयी। गंभीर चोट आने से हायर सेंटर रिफर किया गया। आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीएम 1497 के चालक द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर लापरवाही एवं बिना संकेत के वाहन को सड़क के विपरीत दिशा में खड़ा करने के कारण टकरा जाने से चोट आई है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 125 (ए), 125 (बी), 285 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मोटर सायकल ने...

के चालक लखनपुरी निवासी भूषण साहू द्वारा लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे तुम्हारे चाचार सड़क पर गिरकर घायल हो गए है। घटना स्थल पर जाकर देखा तो वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे और खून बह रहा था। चाचा की सायकल क्षतिग्रस्त हो सड़क पर पड़ी हुई थी। घटनास्थल पर उपस्थित लोगों की मदद से लखनपुरी के अस्पताल में ले जाया गया। लखनपुरी में प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हायर सेंटर रिफर किया गया। आरोपी मोटर सायकल चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। ग्राम के सरपंच व घायल के भतीजे की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### छात्रों में प्रतिभा...

अलावा शिक्षक अपनी शाला में आदर्श वाचनालय, लैब, स्मार्ट क्लास और कम्प्यूटर कक्ष भी बेहतर ढंग से विकसित करें, जिससे बच्चों में नवाचारी शिक्षा का उन्नयन हो सके। कलेक्टर ने कहा कि सभी शाला प्रमुख अपनी क्षमताओं और योग्यताओं का भली भांति उपयोग करते हुए अगले चार-पांच माह में इन स्कूलों का कायाकल्प करें। जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल ने शालावार समीक्षा करते हुए वहां उपलब्ध साधनों एवं संसाधनों की जानकारी लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की बात कही।

### वन्य प्राणी प्रभावित...

बौद्धिक क्रियाकलाप के प्रश्नोतरी एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के छात्र व छात्राएं सम्मिलित हुए। वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह को लेकर छात्रों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिला। प्रश्नोत्तरी एवं निबंध लेखन में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा विशेष रूप से पुरस्कार प्रदाय किया गया। निबंध लेखन में प्रथम रामेन्द्र गौर, द्वितीय अकलेश्वरी कटबगिया, तृतीय राकेश मण्डावी, सांत्वाना पुरुस्कार यामनी समरर्थ, लोकेन्द्र नरेटी को प्रदाय किया गया। कार्यक्रम से गीत कृति नाग द्वारा प्रस्तुत किया। इसके अलावा विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिकारियों का कहना है कि प्रति वर्ष इस तरह का जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाता है, जिससे लोगों में जागरूकता बनी रही।

# वन्यजीव संरक्षण और जैव विविधता पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- हमारी प्राकृतिक धरोहर की सुरक्षा थीम पर विचार व्यक्त



कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान और शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के वानिकी और वन्यजीव अध्ययनशाला के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को वन्यजीव उजागर संरक्षण रणनीति की खोज विषय पर पैनल चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 170 वें राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था, जिसमें वन्यजीव संरक्षण और जैव विविधता पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया, जिन्होंने सेफगार्डिंग आवर नेचुरल हेरिटेज (हमारी प्राकृतिक धरोहर की सुरक्षा) थीम पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने वन्यजीवों के प्राकृतिक रहवास में हो रही कमी और पर्यावरण विघटन जैसे मुद्दों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वन्यजीव संरक्षण के लिए जनजागरूकता आवश्यक है और छत्तीसगढ़ के वन्यजीव विविधता को और बेहतर बनाने की दिशा में हमें काम करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपेई ने वन्यजीव संरक्षण में समाज और विशेषकर युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इकोटूरिज्म आज स्वरोजगार का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है और इसके लिए पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है। कार्यक्रम के संयोजक और वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला के विभाग प्रमुख प्रो. डॉ. शरद नेमा ने विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत एक विकासशील देश है और वन क्षेत्र में कई विकास कार्य हो रहे हैं, लेकिन इन कार्यों के साथ-साथ वनों और वन्यजीवों का संरक्षण भी अत्यावश्यक है।

### जागरुकता का प्रयास

*कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह ने कहा कि इसी तरह वन्य जीव संरक्षण एवं जागरुकता पर कांगेर घाटी हमेशा प्रयास करता रहेगा। कांगेर वैली राष्ट्रीय उद्यान के वन्यजीव शोधार्थी युगल जोशी और सोशल मीडिया हैंडलर सुमन भास्कर ने भी वन्यजीव संरक्षण पर अपने अनुभव साझा किए। राष्ट्रीय उद्यान के बीट फारेस्ट ऑफिसर, मैना मित्र ने भी छात्रों को वन्यजीव सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। इस समूह चर्चा में वन्यजीव संरक्षण के संबंधित कई 9 विषय पर चर्चा किया गया। इसमें निकले महत्वपूर्ण तथ्यों को अभिलेखित किया गया, जो आने वाले समय में वन्यजीव संरक्षण हेतु रणनीति बनाने में मददगार होंगे।*

## खबर संक्षेप

### माहरा समाज ने मनाया नवाखानी मिलन समारोह



**लोहंडीगुड़ा।** माहरा समाज गढ़िया परगना द्वारा ग्राम सिरीसगुड़ा बाजार स्थल में 12 परगना के नाईक पाइक की उपस्थिति में बड़े धूमधाम से नवा खानी मिलन समारोह मनाया गया। इस मिलन समारोह में उपस्थित नाईक पाइक समरत तथा समाज प्रमुखों को गढ़िया परगना के ओर से गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया। नाईक पाइक बारी-बारी से सभा को संबोधित किए। लिब्रूराम कश्यप चित्रकोट परगना अध्यक्ष ने उपस्थित समस्त नाईक पाइक को समाज के रीति-नीति से हमेशा जुड़े रहने की बात कही।

इस अवसर पर समाज प्रमुखों में सुन्दरलाल बघेल, नवल बघेल, समलू भैंसवर, नकुल खुरानी, देवनाथ कश्यप, बदन राम, भुवनेश्वर बघेल, प्रेम चालकी, धबलू कश्यप, प्रकाश नागेश, बलदेव नाग, रसिया राम, भोंदूराम, सुफल राम बघेल, सूरज नाग स, अजय बघेल समाज समेत समाज के अन्य पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### माहेश्वरी समाज ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# मूक बधिर बालिका के साथ अनाचार की घटना से क्षुब्ध हुआ समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

राजस्थान के फलौदी जिले के गांव जेठानिया में अव्यस्क मुक बधिर बालिका के साथ दुराचार के मामले को लेकर अब माहेश्वरी समाज सुकमा ने भी रोष जताया है। बालिका की सुरक्षा के साथ-साथ जीवन यापन व स्वास्थ्य सुविधा देने की मांग के साथ-साथ आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। राजस्थान के फलौदी

■ पीड़िता के स्वास्थ्य से लेकर सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाने की रखी मांग

जिले के ग्राम जेठानिया में गांधी जयंति के दिन विमंदित मुक बधिर अवयस्क बालिका से हुए अनाचार व बलात्कार की नामजद एफआईआर थाना देचू जिला फलौदी राजस्थान में दर्ज करने के बाद पुलिस गिरफ्त में नामजद आरोपी द्वारा आत्महत्या कर लेने के बाद मामले ने तुल पकड़ लिया है। वहीं मामले में निष्पक्ष कार्रवाई के साथ-साथ दोषियों पर कड़ी कार्रवाई को



लेकर अब माहेश्वरी समाज खुलकर सामने आने लगा है। इस संबंध में मंगलवार को अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल के सदस्य सुरेन्द्र चांडक, माहेश्वरी समाज सुकमा के अध्यक्ष भीखमचंद राठी, सचिव अनिल टावरी, उपाध्यक्ष कंवरलाल टावरी व पूर्व अध्यक्ष लीलाधर राठी ने कलेक्टोरेट पहुंच कर ज्ञापन सौंपा। महामहित राष्ट्रपति सहित लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला व राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया कि विमंदित मुक बधिर अवयस्क बालिका से हुए अनाचार व बलात्कार के बाद पीड़िता को जोधपुर के उम्मेद अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी स्थिति नाजुक है। इस घटना की जानकारी आने के पश्चात से देश का सम्पूर्ण माहेश्वरी समाज क्षोभ में हैं। बलात्कार के उपरांत जेठानियां गांव की माहेश्वरी समाज की विमंदित, मूक बधिर व अवयस्क बालिका से जबरन पीड़िता के गर्भवती हो जाने से पीड़ित परिवार में अत्यधिक तनाव हैं और तत्काल सहायता के लिए पीड़िता को त्वरित आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाये।

#### मिले सुरक्षा

सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया कि पीड़िता की शारीरिक और मानसिक चिकित्सा के उत्कृष्ट प्रबंधन का शासन दायित्व ले। साथ ही पीड़िता एवं उनके परिजनों को तुरंत प्रभाव सुरक्षा उपलब्ध हो, ताकि वे निर्भय रह कर समाज में आ जा सके। साथ ही पीड़िता व परिजनों को आवश्यक विधिक सहायता उपलब्ध करवाने हेतु निवेदन किया गया।

#### न बच पाये अपराधी

संपूर्ण समाज को झकझोर देने वाली उक्त घटना को लेकर अलग-अलग समाज ने भी निंदा की है। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि सभी दोषियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता और अन्य प्रभावी विधियों की विभिन्न धाराओं में कारित अपराध के अनुरूप पुलिस, अपराधियों के विरुद्ध राजनैतिक प्रभाव से हट कर विधि सम्मत कार्यवाही अविलंब प्रारंभ करें। ज्ञापन के अंत में कहा गया कि माहेश्वरी समाज सम्मान प्रदान करने वाला हैं, इसलिए शांतिपूर्ण आंदोलन से पूर्व आपसे कार्यवाही हेतु प्रकरण पंजीबद्ध होना सुनिश्चित हो, ताकि समाज को उद्वेलित नहीं होना पड़े।

#### ऐसे कृत्यों का समाज में कोई स्थान नहीः गांधी

माहेश्वरी सभा बस्तर जिला के अध्यक्ष राजू गांधी ने जेठानिया की घटना की निंदा करते हुए कहा कि



इस तरह के कृत्यों का, समाज में कोई स्थान नही है। अव्यस्क बालिका वो भी मुक बधिर के साथ जिस तरह का कृत्य किया गया, वो किसी भी स्थिति में क्षम्य नही है। राजस्थान सरकार को तत्काल इस मामले पर न्यायौचित कार्यवाही कर समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण निर्मित करना चाहिये।

### आज से बांग्ला दुर्गोत्सव की धूम...



**जगदलपुर।** शारदीय नवरात्रि में यूं तो पूरे शहर में ही दूर्गा पूजा की धूम रहती हैं, मगर बात जब बंगाली पंडाल की हो तो श्रद्धा और उत्साह दोगुना हो जाता है। बंगाली समाज मैत्री संघ में दुर्गोत्सव की तैयारियां काफी पहले से शुरू हो जाती है। यहां पंचमी से दुर्गोत्सव की शुरूआत होती है। नगर के विभिन्न बंगाली पंडालों में पांच दिनों तक श्रद्धा और आस्था का ज्वार थमने का नाम नहीं लेता। श्रद्धालु इस मान्यता के साथ त्यौहार मनाते है कि दुर्गा मां अपने मायके आई है। आज घट स्थापना के साथ महा षष्ठी पूजा का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रात: 6.30 बजे षष्ठी कल्पारंभ पूजा एवं 7.00 बजे आमंत्रण व अधिवास होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शाम 7.30 बजे आगोमनी एवं उसके पश्चात नृत्य नाटिका महिषासुर मर्दिनी की प्रस्तुति होगी।

## बथुकम्मा स्थलों में पहुंचकर विधायक ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज : बीजापुर/भोपालपटनम



क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी बीते दिनों जिले के भोपालपटनम और बीजापुर विकासखंड के दौरे पर रहे है। इस दौरान विधायक मंडावी भोपालपटनम के विभिन्न गांव के 250 से

■ पुराने समय से मनाते आ रहे बथुकम्मा त्यौहार हमारे संस्कृति का अभिन्न हिस्सा

अधिक बथुकम्मा स्थलों में पहुंचकर बथुकम्मा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना किये। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने विधायक विक्रम मंडावी का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया।

क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि बथुकम्मा त्यौहार जिले में पुराने समय से मनाते आ रहे हैं। बथुकम्मा त्यौहार हमारे संस्कृति में रच बस गया है और यह त्यौहार हमारे संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बन गया है। इस त्यौहार में विशेष रूप से महिलायें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं।

विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि ग्रामीणों की मांग थी कि बथुकम्मा त्यौहार मनाए जाने वाले स्थलों पर बथुकम्मा शेडों का निर्माण हो। जिसे देखते हुए जिले के प्रत्येक गांव में मनाए जाने वाले बथुकम्मा स्थलों में बथुकम्मा शेड का निर्माण किया गया है। इस दौरान शंकर कुडियम, लालू राठौर, बसंत राव ताटी सहित ग्राम के नागरिक उनके साथ थे।

## संवेदनशील क्षेत्र में आपका कार्य प्रशंसनीयः इन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



भाजपा दरभा मंडल के द्वारा सदस्यता अभियान बैठक कामानार सामुदायिक भवन में आज आयोजित की गई। जहां विशेष तौर पर जगदलपुर विधानसभा सदस्यता प्रभारी इन्द्र चोपड़ा शामिल हुए। जिन्होंने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि दरभा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में आपका कार्य प्रशंसनीय है, जब तक हम निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति नहीं करेंगे शांत, नहीं बैठेंगे। भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने किये हुए वायदों को पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये हैं। ऐसा कोई कारण नहीं हैं कि लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण न करें। हमें लोगों तक पहुंचने भर की आवश्यकता हैं, उन्होंने किसी भी समस्या के निदान के लिए खड़े होने की बात कही। इस बैठक को भाजपा जिला अध्यक्ष रुपसिंह मंडावी ने भी सम्बोधित किया। जिन्होंने जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के दरभा मंडल में आने वाले सभी 27 बूथों पर 200 सदस्यों की सदस्यता हासिल करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर भाजपा के विधायक मंत्रियों को भी क्षेत्र में आमंत्रित किया जा सकता हैं। इस बैठक में सदस्यता अभियान के जिला संयोजक योगेंद्र पाण्डे व चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बैदुराम कश्यप भी शामिल हुए। भाजपा मंडल दरभा की ओर से जिला सदस्य, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अनंत कश्यप, मंडल अध्यक्ष फूलसिंह सेठिया, भाजपा महामंत्री पीडी हरीश, मिडिया प्रभारी मुन्नू सिंह के साथ सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## बच्चों को रोमांचित कर रहा एसी फिश टनल व 3डी शो





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राजमहल परिसर में जैसे ही लोगों की नजर डिजनीलैण्ड मीना बाजार के मुख्य द्वार पर पड़ रही है तो उसकी खूबसूरती हर किसी को अनायास आकर्षित कर रही है खासकर बच्चों को और भी ज्यादा। इसका मुख्य सबब मीना बाजार प्रवेश के मुख्य द्वार को बच्चों की पसंद का ख्याल रखते हुए विभिन्न प्रकार के उनके मनोरंजन के प्रमुख किरदारों से खूबसूरत ढंग से सजाया गया है। वहीं बाजार के अंदर प्रवेश करते ही वहां की खूबसूरती मनभावन तो है ही साथ ही एक से बढ़कर एक आधुनिक झूले, बच्चों के खास झूले, एसी फिश टनल, थ्री डी शो सहित अनेक मनोरंजन के आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित है तो इस मेला में जीवंत मछलियों की मनभावन करतब से हर किसी का दिल निहाल हो रहा है। इस अद्भुत मंजर को देखने लोग अब शाम ढलते ही अपनों के साथ बाजार का भरपूर आनंद ले रहे हैं।

आयोजकों ने कहा कि सम्मानीय शहरवासियों के स्नेह और सहयोग से इस बार हमने मेला को भव्यता देने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं ताकि जनता का भरपूर मनोरंजन हो सके। उन्होंने कहा कि इस बार मेला का सबसे आकर्षण का केंद्र इन्टरनेशनल एसी फिश टनल है इसके अलावा बस्तर में पहली बार सुनामी झूला, फ्रिसबी झूला, कटर पिलर, मौत का कुआँ एवं स्कीन टावर झूले लगाए गए हैं जो लोगो को रोमांचित कर रहे हैं।

इसी तरह मीना बाजार में देश भर के हेंडलूम क्रॉफ्ट का विशाल स्टॉल लगाया गया है जहाँ लोगों को उनकी मनपसंद चीजें मिलेंगी।





#### डिजनीलैण्ड मीना बाजार

इसमें विभिन्न प्रांत से आए विभिन्न धर्म के लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है। स्वस्थ मनोरंजन, हेंडलूम स्टॉल के अतिरिक्त लजीज व्यंजनों का भी स्टॉल लगाया गया है जिसमें गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा गया है। लोग अपनों के साथ मनभावन व्यंजनों का स्वाद चख रहे हैं। सभी स्टॉलों में स्टाल संचालक द्वारा आनलाईन पेमेंट की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

मेला में मनोरंजन करने आए सम्मानीय लोगों को किसी तरह की असुविधा का सामना ना करना पड़े इसके लिए विशाल पार्किंग के साथ ही अन्य समुचित व्यवस्था की गई है जिसमें हर दिशा में निगरानी के लिए सीसी टीवी कैमरे, पुलिस व्यवस्था एवं फायर सेफ्टी इक्यूपमेंट की पूरी व्यवस्था की गई है। आगंतुको के प्रवेश के लिए एक एवं निकासी के लिए दो द्वार की व्यवस्था है इसके अलावा एक और आपातकालिन निकासी द्वार भी बनाया गया है।







## महानवमी पर नाटक ए कोन सोकाल का मंचन मैत्री मंच पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हजारों साल बाद भी नारी अस्मिता को लेकर उठे सवालों का जवाब मांगता बंगला नाटक, ए कोन सोकाल का मंचन सामाजिक एवम सांस्कृतिक संस्था मैत्री संघ के रंगमंच पर शारदीय दुर्गोत्सव की महानवामी के अवसर पर 12 अक्टूबर की

■ नारी अस्मिता को लेकर उठे सवालों का जवाब मांगता बंगला नाटक





शाम किया जा रहा है। मशहूर लेखक विमल बंधोपाध्याय लिखित और वरिष्ठ रंगकर्मी सुबीर नंदी निर्देशित नाटक ए कोन सोकाल वर्तमान परिवेश में नारी अस्मिता की सुरक्षा पर सवाल उठाता है साथ ही दहेज के कारण बहुओं पर होने वाले अत्याचारों पर तीखा व्यंग्य है।

नाट्य प्रस्तुति के जरिए दहेज के लोभ में ससुराल में प्रताड़ित की जाने वाली बहुओं पर तीखा व्यंग्य किया गया है। साथ ही समाज में व्याप्त अन्य विभिन्न तरह की बुराइयों से शोषित आम आदमी की दशा का मार्मिक वर्णन भी देखने को मिलेगा। लेखक ने कई सामाजिक पहलुओं को छूने वाले विषयों को उभारा है। प्राण त्यागने के बाद भी मुर्दों के अंतरमन की प्रस्तुति देते कलाकार दर्शकों को झकझोर देंगे।

हाल ही देश के सीने पर चोंट करने वाली घटना पश्चिम बंगाल में महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ रेप के बाद हत्या जैसे माहौल में इस तरह की प्रस्तुति का दर्शकों को इंतजार है। नाटक में वरिष्ठ रंगकर्मी सुधीर मंडल, निर्मल सिंह राजपूत, हरिमाधव दास, दृशान चक्रवर्ती, खिरेंद्र पाणीग्राही, गोपाल राय, शुभ्रा रायचौधरी एवम सोनाली भट्टाचार्या मुख्य भूमिका में रहेंगे। निर्देशक ने बताया कि मंच पर मृत आत्माओं की आपस में बातचीत व शमशान का दृश्य निश्चित ही दर्शकों को नाटक से जोड़े रखेगा।

## कपूरी ठाकुर ओबीसी संगठन के जिलाध्यक्ष बने मोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



जिले की व्यवसायिक नगरी गीदम के मोहन सुत्रला को जन नायक कपूरी ठाकुर ओबीसी संगठन द्वारा सैलून व्यावसायिक संघ जिला दंतेवाड़ा का अध्यक्ष मनोनित किया गया है। उनका यह मनोनयन उनकी समाज के प्रति सेवा, लगन और योग्यता को ध्यान में रखते हुए भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर ओबीसी संगठन (रजि) द्वारा किया गया है। अपनी नियुक्ति पर मोहन सुत्रला ने कहा कि संगठन के द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करने के साथ समाज को एकजुट एवं संगठित कर युवाओं को समाज के मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

## एथलेटिक्स, फुटबाल, कबड्डी और शतरंज में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राष्ट्रीय शिक्षा सोसायटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स के निर्देशानुसार जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का रंगारंग समापन हुआ जिसमें एकलव्य विद्यालय कोड़ेनार, बास्तानार के छात्रों ने अधिकतर प्रतियोगिता में जीत का परचम लहराया। खेल परिसर में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के समापन में पहुंचे प्रतिभाशाली छात्रों ने जीत सुनिश्चित करते हुए संभागीय प्रतियोगिता में अपना नाम दर्ज कराया। एकलव्य कोड़ेनार ने अधिकतर प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। द्वितीय स्थान पर बेसौली तथा तृतीय स्थान पर तोकापाल विद्यालय के छात्रों ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, वालीबाल, फुटबॉल, कबड्डी, टेबल टेनिस, शतरंज प्रतियोगिताओं से प्रतिभावान विद्यार्थियों का चयन किया गया। जिससे वे अपनी प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार कर आदिवासियों के साथ-साथ देश को एक नई पहचान दिला सके। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान हासिल करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अन्त में प्राचार्य ने संबोधन के साथ खेल समारोह का समापन किया। इस अवसर पर डॉ.ऊषा शुक्ला, जी. शिवा रेड्डी, सालिग राम पचौरी, सरोज मरकाम, लक्ष्मीनाथ गढमिया, मुकेश सैनी सहित प्रभारी, रैफरी, मंच संचालक, छात्र-छात्राएं तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।







## खबर संक्षेप



### भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा का विधि विधान से प्राण- प्रतिष्ठा

**दुर्गुकोंदल।** आयुर्वेद औषधालय कोदापाखा में आयुर्वेद के अधिष्ठाता देव भगवान धन्वंतरि की कांस्य प्रतिमा का विधि विधान से विधिवत पूजन व हवन कर प्राण प्रतिष्ठा की गई। औषधालय में ऑक्सीजन जोन, हमर सुग्घर औषधि उद्यान का निर्माण किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत विभिन्न प्रजाति के पौधे का रोपण किया गया। और साथ ही क्षेत्र में जड़ी बूटी शोध से प्राप्त विभिन्न प्रकार के दुर्लभ औषधीय पौधों का संरक्षण व रोपण किया गया है। औषधालय में स्थित आरोग्य मंदिर में प्रतिदिन योग सत्र संचालित है। प्रतिमा की स्थापना के दौरान जिला आयुष अधिकारी डॉ. एसएस ध्रुव, डॉ अरविंद मिश्रा, डॉ गोल्डी लांझेवार उपस्थित रहे।

### मंडी मैदान में संगीतमय भागवत कथा का आयोजन

**चारामा।** नगर पंचायत के मंडी मैदान में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का आयोजन किया गया। आयोजित कथा में व्यास पंडित भीम प्रसाद शर्मा कौदकेरा राजिम जिला गरियाबंद के मुखारविंद से सुनने को मिल रहा है। कार्यक्रम में रुक्मणी विवाह का शानदार तरीके से आयोजन किया गया। श्री कृष्ण भक्तों के साथ रासलीला मनाया गया, जिसमें डंडा नृत्य एवं मटका फोड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 56 भोग प्रसाद परीक्षित निर्मल सोनकर व सत्यभामा सोनकर द्वारा बनवाया गया एवं वार्डवासी धर्मेंद्र देवांगन, दुर्गा प्रसाद देवांगन, सुरेंद्र देवांगन, नंदकिशोर गौतम के द्वारा खीर पूरी प्रसादी वितरण किया गया।

### विधायक मंडावी ने सोनकर समाज को दिए 5 लाख

**चारामा।** विकासखण्ड चारामा के सोनकर समाज के भवन निर्माण के लिए भानुप्रतापपुर विधानसभा की विधायक सावित्री मण्डवी ने 5 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है।,यह सहायता सोनकर समाज चारामा के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान है, जिससे समाज के सांस्कृतिक और सामुदायिक विकास में नई ऊंचाइयां मिलेंगी। सोनकर समाज के कोषाध्यक्ष सुभाष सोनकर ने समाज की ओर से कहा हम विधायक के इस महत्वपूर्ण योगदान के लिए कोटि-कोटि अभार हैं। उनका समाज के प्रति जो सेवा भाव है, वह सदैव बना रहे, यही हमारी कामना है। इस सहायता राशि से सोनकर समाज भवन के निर्माण कार्य को गति मिलेगी, जिससे समाज के सदस्यों को एक स्थायी स्थल मिलेगा, जहाँ वे अपने सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे।

# तीन दिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

धनेलीकन्हार में त्रिदिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता का शुभारंभ 8 अक्टूबर को प्रभु श्रीराम के छायाचित्र के सामने दीप प्रज्वलित व पूजा अर्चना कर किया गया। प्रतियोगिता में मंगलाचरण जय भोले मानस मंडली ने पहली प्रस्तुति दिया। जय भोले की प्रस्तुति सुन श्रद्धालु गदगद हो गए।

प्रतियोगिता का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह पोटाई, कार्यवाहक अध्यक्ष बिरेंद्र मारगीया, ग्राम पटेल समधर नरेटी, मानसा राम साहू, खेमलाल साहू, रमेश साहू, कृष्णा साहू, गायता नरसिंग मंडावी, सुमित्रा पोटाई, नकछैडीन बाई विश्वकर्मा ने किया।धनेलीकन्हार में आयोजित तीन दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता में प्रदेश के 30 मानस मंडलिया भाग ले रहीं हैं। प्रतिदिन 10 मंडलीय अपनी प्रस्तुति देंगी, जिसमें हंस वाहिनी बालिका मानस परिवार रामनगर भिलाई, अंजनी नंदन मानस परिवार धमनी राजिम, श्रद्धा महिला मानस मंडली कंचना भखारा, नवज्योति महिला मानस मंडली अकलवारा गुरुर, गुरु कृपा बाल संस्कार मानस मंडली बेलमांड बालोद, शिव कृपा मानस परिवार जीवतरा महासमुंद, गुरु कृपा मानस परिवार पासंगी कोण्डागांव प्रमुख हैं।

### जय भोले मानस मंडली ने दी प्रस्तुति



**पहुंचे रहे श्रद्धालु**
मानस मंडलियों को सुनने के लिए धनेलीकन्हार के अलावा आसपास गांव के श्रद्धालु भी पहुँच रहे है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में तीसरे दिन विजयी मंडलियों की घोषणा किया गया जाएगा और उनको पुरस्कृत किया जाएगा।

## बैठक : कार्यों को इसी माह पूर्ण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश


# स्वास्थ्य योजनाओं में कांकेर को प्रथम स्थान पर बरकरार रखने योजनाबद्ध ढंग से करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न निर्माण कार्यों के अधूरे एवं अपूर्ण रहने पर सभी जनपद पंचायतों के सीईओ पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देशित किया कि इस माह के अंत तक पुराने और सभी आधे-अधूरे निर्माण कार्यों को हर हाल में पूर्ण करें। उन्होंने देवगुड़ी निर्माण, घोटुल भवन निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन, खाद गोदाम, सामुदायिक भवन जैसे छोटे कामों में भी प्रगति नहीं लाने पर असंतोष प्रकट किया।

■ सामाजिक अंकेक्षण के तहत राशि की वसूली के लिए सभी एसडीएम करें कार्रवाई

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पुराने लंबित काम पूर्ण होने के बाद ही नए कार्य स्वीकृत किए जाएंगे। इसी तरह नियद नेल्लानार योजना की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत सैचुरेशन मोड में काम करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी तरह सामाजिक अंकेक्षण के तहत राशि की वसूली के लिए सभी एसडीएम को आवश्यक कार्रवाई करते हुए संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के मामले में भी पिछले सप्ताह की अपेक्षा प्रगति कम होने पर सभी जनपद सीईओ को व्यक्तिगत तौर पर रूचि लेते हुए कार्य कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान भारत योजना और शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान में जिले की उपलब्धि 93 प्रतिशत है, जो राज्य में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और दुर्गूकोंदल ब्लॉक के अंदरूनी हिस्सों के हितग्राहियों का पंजीयन कराने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को दिए। इस दौरान आयुष्मान के जिला नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले के चारामा विकासखण्ड में 98.28 प्रतिशत, नरहरपुर का 96.61 प्रतिशत, कांकेर का 94.29 प्रतिशत, कोयलीबेड़ा का 93.33 प्रतिशत है, जबकि भानुप्रतापपुर ब्लॉक में 91.14 प्रतिशत, दुर्गूकांदल में 86.89 प्रतिशत और अंतागढ़ विकासखण्ड में 84.96 प्रतिशत उपलब्धि रही है। इस पर कलेक्टर ने छूटे हुए लोगों का पंजीयन कराने के लिए इस माह के अंत तक और अधिक मेहनत करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केन्द्र में बेड ऑक्यूपेंसी की न्यूनतम दर पर असंतुष्टि जाहिर करते हुए महिला बाल विकास विभाग से समन्वय स्थापित कर सभी एनआरसी में कुपोषित बच्चों का आवश्यकतानुसार उपचार करने और उनके पालकों को समझाइश देने की बात कही।



आयोजित बैठक में डीएफओ आलोक बाजपेयी, हेमचंद पहारे, डीपी साहू, अपर कलेक्टर बीएस उईके, जितेन्द्र कुर्रे सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख मौजूद रहे।

### जिले के लिए 34134 नए आवास की मिली स्वीकृति

जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति के बारे में बताया कि जिले के लिए 34134 नए आवास की स्वीकृति राज्य शासन से मिली है, जिसके विरुद्ध पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में प्रथम किश्त की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। उन्होंने पहले चरण की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में आवास निर्माण के 1137 कार्य अप्रारंभ हैं। इसक अलावा बस्तर ओलम्पिक के लिए युवक-युवतियों का अधिकाधिक पंजीयन करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### लंबित प्रकरणों को निराकृत करने दिए निर्देश

इसके अलावा कलेक्टर ने बैठक में राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, आदिवासी विकास, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, सेतु निर्माण, विद्युत, खाद्य, कृषि, लीड बैंक सहित विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द निराकृत करने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही जनसमस्या निवारण शिविर, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, पीजीएन पोर्टल में लंबित आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण करते हुए ऑनलाइन एंट्री करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## प्रत्येक वैज्ञानिक वस्तु एवं प्रयोग में समाहित है मूल्य परख शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पैराडाइज हायर सेकण्डरी स्कूल में सभी शिक्षकों को मोटिवेशन एवं साइंस विषय पर शिक्षण प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में दैनिक जीवन के क्रियाकलापों से जुड़ी साइंस के विषय में सरल ढग से प्रयोग कर बताया गया। हमारे रोजमर्रा के लिए उपयोग करने वाली वस्तु एवं कार्यों में जीव विज्ञान, भौतिक, रसायन एवं अन्य विज्ञान से संबंधित सिद्धांतों का उपयोग कर जीवनयापन करते हैं, इसके वैज्ञानिक पहलू को बच्चों के पाठ्क्रम के साथ जोड़कर शिक्षण करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रत्येक वैज्ञानिक वस्तु एवं प्रयोग में मूल्य परख शिक्षा समाहित है। विभिन्न साइंस प्रयोगों से हम नैतिक एवं मूल्य परख शिक्षाओं का भी ज्ञान प्राप्त करते हैं। विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों के निष्कर्षों द्वारा इस कार्यशाला में समझाया गया। साथ ही शिक्षकों को सुझाव दिया गया कि उन्हें रोल मॉडल होना चाहिए, ताकि उसके शिक्षण का संपूर्ण प्रभाव छात्रों तक पहुंच पाए। नई शिक्षा नीति के तहत फाउंडेशन कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्रियाकलापों द्वारा शारीरिक, बौद्धिक, नैतिक एवं विभिन्न विषयों की शिक्षा दी जानी चाहिए, ताकि इन बच्चों में अच्छी आदतों का निर्माण हो सकें। हाथ धोना भी एक वैज्ञानिक क्रिया है।



आयोजित कार्यशाला में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, पवित्र, रूबी खान, दीपांजली गोगोई, एस मर्सी, शबाना परवीन, तीरथ साहू, अवतार सिंह, कृष्णापद कुंभकार, भारती सेठिया, प्रतीक सिह, संगीता भारती, जीतूदास माण्डले, सरिता मिश्रा, सुचिस्मिता खान, इतिश्री गोलुगुरी, अनिल कुमार ढाके, उज्जवल निर्मलकर, शांति रीया सोनी एवं अन्य ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# कलेक्टर ने सुनी आम लोगों की समस्याएं

**कांकेर।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदकों की कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में धान खरीदी केन्द्र खोलने, मुरमीकरण करने, पारिश्रमिक दर दिलाने, वृद्धावस्था पेंशन, आवासीय मकान दिलाने, रोजगार प्रदान करने, राशन कार्ड बनाने अनुकम्पा नियुक्ति, सौर ऊर्जा पंप बनवाने, ट्रांसफार्मर बदलने, मिनी पंचायत बनाने, तथा विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित कुल 84 आवेदन प्राप्त हुए। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में सरोना तहसील के ग्राम सारण्डा साल्हेभाट रोड का ग्रामीणों द्वारा मुरमीकरण करवाने तथा ग्राम पंचायत करिहा में नवीन धान खरीदी केन्द्र स्वीकृति प्रदान करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार ग्राम रामपुर में ट्रांसफार्मर को बदलने और मिनी पंचायत बनवाने, ग्राम मैनखेड़ा में सौर ऊर्जा पम्प को बनवाने, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतागढ़, पखांजूर और दुर्गूकोंदल के सफाई कर्मियों द्वारा वेतन भुगतान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसी तरह भर्रीपारा चोरिया के कांति कोर्राम, डोंगरीपारा के अस्तला भास्कर द्वारा नया राशन कार्ड बनवाने, धनेश्वरी तथा बिमलाबाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास दिलाने, तुएगहन के लखनलाल यादव द्वारा पेंशन राशि दिलाने, ग्राम भैंसाकट्टा के बीमाबाई कुलदीप और धनंजय बघेल द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण की पारिश्रमिक राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने उक्त प्रकरणों से प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर डीएफओ आलोक बाजपेयी, हेमचंद पहारे, डीपी साहू, अपर कलेक्टर बीएस उईके, जितेन्द्र कुर्रे सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख उपस्थित रहे।



## रानीडोंगरी बना हर घर जल प्रमाणित ग्राम

**कांकेर।** विकासखण्ड चारामा के ग्राम रानीडोंगरी में सरपंच की उपस्थिति में हर घर जल उत्सव आयोजित कर ग्राम का प्रमाणीकरण किया गया। ग्रामसभा में जिला समन्वयक द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं सतत क्रियाशील बनाए रखने की जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए योजना को सुचारू रूप से सफलता पूर्वक संचालन करने की अपील की, ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति हो सके। जल जीवन मिशन योजना की संपूर्ण जानकारी देते पाइप लाइन, टंकी, घरेलू नल कनेक्शन का सदुपयोग करने के लिए जानकारी दी गई। साथ ही जल बहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति एवं समस्त ग्रामवासियों को अपने दायित्वों का निर्वाहन करने के लिए प्रेरित किया गया।

## चोरिया के समूह की महिलाएं मशरूम उत्पादान को सीखकर बनेंगी सक्षम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

जिले के ग्राम चोरिया में श्रद्धा स्व सहायता समूह की दीदियों ने मशरूम उत्पादन करने की तकनीक सीख कर सक्षम बन रहीं हैं। महिलाओं को मशरूम उत्पादन करने और उससे आजीविका में किस प्रकार वृद्धि हो सके उसकी तकनीकी जानकारी भी मिली।



महिला समूह को संस्था के सहयोग से पिछले तीन वर्षों से बीज और प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे कि समूह की दीदियों के आजीविका में सुधर आ सके। वर्ष 2020 में आतुरगांव में मशरूम बीज निर्माण इकाई की भी स्थापना की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य जिले के सभी ग्रामों की महिला स्व सहायता समूहों को कम कीमत और आसानी से मशरूम बीज उपलब्ध हो सके। अभी तक संस्था के द्वारा 2500 किलो बीज का निर्माण कर अलग अलग ब्लाको व जिले के 370 समूहों को वितरण किया जा चुका है। समय-समय पर इंदिरा गांधी कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकों के द्वारा बेहतरीन मार्गदर्शन संस्था को दिया जा रहा है।




सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

